# सत्र के पहले दिन कांग्रेस ने सरकार को घेरा

## जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया




**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 16 फरवरी. मध्य प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन कांग्रेस विधायक दल ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया.**

सदन में राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रतिक्रिया देते हुए नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि अभिभाषण में प्रधानमंत्री और राज्य सरकार की उपलब्धियों का विस्तार से उल्लेख किया गया, लेकिन प्रदेश की जनता को झेलनी पड़ रही वास्तविक परेशानियों को पर्याप्त स्थान नहीं दिया गया. सिंघार ने इंदौर के भागीरथपुरा में हुई दुखद घटना का विशेष उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि सरकारी लापरवाही के कारण 35 निर्दोष लोगों की जान चली गई. उन्होंने सवाल उठाया कि क्या पीड़ित परिवारों का दुख, उनके आंसू और उनके अनुत्तरित प्रश्न इस सदन के लिए महत्व नहीं रखते? उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस इस मुद्दे को मजबूती से उठाएगी और जिम्मेदारी तय करने की मांग करेगी.

### बजट केवल घोषणाओं का दस्तावेज नहीं होना चाहिए

मीडिया से चर्चा करते हुए सिंघार ने कहा कि बजट केवल घोषणाओं का दस्तावेज नहीं होना चाहिए, बल्कि उसे जमीनी हकीकत को ईमानदारी से सामने लाना चाहिए. उन्होंने प्रदेश पर बढ़ते कर्ज को लेकर श्वेत पत्र जारी करने की मांग भी की, ताकि जनता को राज्य की वास्तविक आर्थिक स्थिति की पारदर्शी जानकारी मिल सके. उन्होंने दोहराया कि कांग्रेस आने वाले दिनों में सरकार को जवाबदेह बनाती रहेगी.



मध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र से पहले विधानसभा अध्यक्ष तोमर का सीएम डॉ. मोहन यादव और डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल सहित कैलाश विजयवर्गीय, जगदीश देवड़ा ने किया स्वागत.

## एक नजर में

### वंदे मातरम का 6 छंदों के साथ गायन

**भोपाल.** विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन अभिभाषण के लिए जैसे ही राज्यपाल मंगुभाई पटेल का सदन में आगमन हुआ, उसके बाद परंपरा के मुताबिक वंदे मातरम् का गायन शुरू हुआ, लेकिन इस बार विशेष बात ये रही कि राष्ट्रगीत के 6 छंदों का पहली बार सामूहिक गायक किया गया, राष्ट्रगीत के गायन के बाद राज्यपाल का अभिभाषण शुरू हुआ जो कि लगभग 15 मिनट तक चला. इस दौरान विपक्षी सदस्यों का व्यवधान भी लगातार चलते रहा. राज्यपाल ने प्रातः 11.12 बजे अभिभाषण शुरू किया और 11.27 पर समाप्त कर दिया. व्यवधान के चलते राज्यपाल पूरा अभिभाषण नहीं पढ़ सके.

### तीन दिवसीय बैजू बावरा महोत्सव आज से

**ग्वालियर.** राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय द्वारा का आयोजन कल 17 फरवरी से विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा. उक्त जानकारी विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रो. स्मिता सहस्त्र बुद्धे ने आज पत्रकार वार्ता में दी. उन्होंने बताया कि 17 फरवरी को पदमश्री उस्ताद बासीफुद्दीन डागर, पंडित मोहन श्याम शर्मा, योगिनी तांबे अपनी प्रस्तुतियां देंगे. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मिथिला विश्वविद्यालय बिहार के ललित नारायण एवं प्रोफेसर लावण्या कीर्ति सिंह रहेगी. समापन दिवस के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद विवेक शेजवलकर होंगे, वही कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलगुरु प्रो. स्मिता सहस्त्रबुद्धे करेंगी.



# तापमान में हुई बढ़ोतरी

**प्रदेश में सुबह तेज धूप रात में पड़ रही ठंड**

**प्रदेश में शुष्क मौसम का दौर जारी**

**भोपाल, 16 फरवरी. मध्यप्रदेश में मौसम फिलहाल पूरी तरह शुष्क बना हुआ है और बीते 24 घंटों में कहीं भी बारिश देखने को नहीं मिली है. वहीं दिन में हल्की गर्माहट और रात में ठंडक का असर देखने को मिल रहा है.**

दिन का तापमान सामान्य से थोड़ा अधिक है, जिससे सुबह और देर रात हल्की सर्दी का अहसास हो रहा है. सोमवार को प्रदेश में सबसे अधिकतम तापमान 34.1 डिग्री सेल्सियस खंडवा में दर्ज किया गया. इसके बाद खरगोन और नर्मदापुरम जैसे जिलों में भी पारा 32 डिग्री से ऊपर रहा. वहीं दूसरी ओर सबसे कम न्यूनतम तापमान 8.6 डिग्री सेल्सियस करोंदी का रहा. इसके बाद पचमढ़ी, रीवा और कल्याणपुर जैसे इलाकों में भी रात का तापमान 10 डिग्री के आसपास बना रहा. इसके अतिरिक्त राजधानी भोपाल में अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम 13 डिग्री सेल्सियस के साथ सामान्य से अधिक रहा. मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार वायुमंडल की मध्यम ऊंचाई में चल रही पश्चिमी हवाओं और जेट स्ट्रीम का असर उत्तर भारत में दिख रहा है, लेकिन यह बहुत कम है.

### आने वाले दिनों का मौसम

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी की संभावना है. इसके अतिरिक्त तापमान में कोई विशेष परिवर्तन के आसार नहीं है. वहीं प्रदेश के अधिकांश जिलों में मौसम शुष्क ही बना रहेगा. दिन में हल्की गर्मी और रात में सामान्य ठंड बनी रहेगी. मौसम विभाग द्वारा किसानों को सलाह दी गई है कि वे फसलों की नियमित निगरानी करें और आवश्यकता अनुसार सिंचाई प्रबंधन बनाए रखें.

# 11 अवैध हथियार जब्त, 5 गिरफ्तार

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 16 फरवरी. मध्य प्रदेश पुलिस ने अवैध हथियारों के निर्माण, तस्करी और खरीद-फरोख्त के खिलाफ प्रदेशव्यापी अभियान तेज कर दिया है. इसी क्रम में अशोकनगर और ग्वालियर जिलों में की गई संयुक्त कार्रवाई में पुलिस ने 11 अवैध हथियार, जिंदा कारतूस, मैग्जीन तथा एक वाहन जब्त कर 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है.**





अशोकनगर में पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में थाना चंदेरी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर तीन आरोपियों को पकड़ा. उनके कब्जे से 315 बोर के पांच देशी कट्टे और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए. आरोपियों के विरुद्ध थाना चंदेरी में आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है.

वहीं ग्वालियर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह के निर्देशन में क्राइम ब्रांच टीम ने ग्वालियर-झांसी बायपास क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए दो कथित हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया. उनके पास से 32 बोर की छह देशी पिस्टल, पांच अतिरिक्त मैग्जीन, एक पिट्ठू बैग और एक रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल जब्त की गई. पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे खरगोन जिले से 12 हजार रुपये प्रति नग की दर से हथियार खरीदकर ग्वालियर एवं आसपास के जिलों में 40 से 50 हजार रुपये में बेचने की योजना बना रहे थे.



बजट चर्चा में शामिल हुए प्रदेश अध्यक्ष पटवारी सहित कांग्रेस नेता.

# वन्य जीव पर्यटन को किया जाए प्रोत्साहित

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 16 फरवरी. मप्र के अब सभी ग्राम पंचायतों में कम से कम दो लोगों को सांप पकड़ने की ट्रेनिंग मिलेगी, जब भी गांव में कहीं सांप दिख तो लोग उसे मारने के बजाय उसे पकड़ कर सुरक्षित जगह छोड़ने के काम को प्राथमिकता दें, इसी बात को ध्यान में रखते हुए ये ट्रेनिंग दी जाएगी, इससे सांप और ग्रामीण दोनों ही सुरक्षित रह सकेंगे.**

जिसे ट्रेनिंग मिलेगी, वे किसी व्यक्ति को सांप काटने पर प्रारंभिक उपचार करने में भी सहायक हो सकेंगे, जिससे कि पीड़ित को समय रहते अस्पताल तक पहुंचाया जा सके. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को मंत्रालय में मप्र राज्य वन्य प्राणी बोर्ड की बैठक में इस संबंध में निर्देश दिए हैं. उन्होंने कहा कि सर्पदंश की घटनाओं में प्रभावितों की जान बचाने के उद्देश्य से प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम 2 व्यक्तियों को सांप पकने तथा प्रभावित को बचाने के लिए प्रारंभिक रूप में सहायता करने संबंधी आवश्यक प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए. सांपों के संबंध में आवश्यक जागरूकता और सर्तकता बरतने के उपायों का भी प्रचार-प्रसार आवश्यक है. उन्होंने डॉग स्क्वाड में देशी नस्ल के डॉग शामिल करने के लिए भी पहल करने के निर्देश दिए.



मप्र राज्य वन्य प्राणी बोर्ड की बैठक में सीएम ने दिए निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र से अन्य राज्यों को वन्य जीव उपलब्ध कराए जा रहे हैं. इसके बदले में उन राज्यों से भी वन्य जीव मप्र लाए जाएं. इससे प्रदेश में वन्य जीवों की विविधता बढ़ेगी. उन्होंने वन्य जीव प्रबंधन में अन्य राज्यों द्वारा किए जा रहे नवाचारों और बेस्ट प्रेक्टिसेस को अपनाने की बात भी कही. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विश्वविद्यालयों तथा अन्य संस्थाओं को जोड़कर वन और वन्य जीव के संबंध में अध्ययन प्रक्रिया को प्रोत्साहित किया जाए.

### कार हटाने की बात पर विवाद, 12 घायल

**उज्जैन.** घट्टिया तहसील के ग्राम बीरमखेड़ी में बीती रात सौंधिया परिवार में शादी होने पर युवराज सौंधिया का बाना निकाला जा रहा था. इस दौरान समीप रहने वाले श्यामसिंह पिता शिवसिंह चौहान की बोलेरो खड़ी थी. जिसे हटाने की बात पर दोनों परिवारों के बीच विवाद हो गया.

दोनों ओर से लाठी-डंडे निकल पड़े. एक-दूसरे के घर में घुसकर मारपीट की गई. विवाद में श्यामसिंह चौहान की ओर से किशोरसिंह , विरेन्द्रसिंह, राजपालसिंह नरेन्द्रसिंह , विजय सिंह, भूपेन्द्रसिंह , यशपाल सिंह घायल हो गये. सौंधिया परिवार की ओर से तूफानसिंह 50 साल, मानुबाई 40 साल, प्रभुबाई 60 साल, नारायणसिंह 40 साल और जितेन्द्रसिंह 17 साल घायल हुए है.

# गौशाला निर्माण की मांग को लेकर उपवास

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 16 फरवरी. नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) ने सोमवार को माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय परिसर में गौशाला निर्माण की मांग को लेकर एक दिवसीय उपवास किया.**




छात्र नेताओं ने बताया कि यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण, संवेदनशीलता और मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने की भावना से आयोजित किया गया. दोपहर लगभग तीन बजे उपवास का नेतृत्व कर रहे एनएसयूआई प्रदेश सचिव अमन पठान की अचानक तबीयत बिगड़ गई. मौके पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने उन्हें तुरंत विश्वविद्यालय स्थित धन्वंतरी चिकित्सालय पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी स्थिति स्थिर बताई. घटना की जानकारी मिलते ही विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. पी. शशिकला उपवास स्थल पर पहुंचीं और छात्रों से मुलाकात की. उन्होंने छात्रों से स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की अपील करते हुए आश्वासन दिया कि विश्वविद्यालय प्रशासन इस मांग पर संवेदनशीलता के साथ विचार करेगा और सकारात्मक समाधान की दिशा में चर्चा करेगा. इस आंदोलन को भोपाल उत्तर के विधायक आतिफ अकील का भी समर्थन मिला. उन्होंने वीडियो कॉल के माध्यम से छात्रों से संवाद कर मांग को जायज बताया.

### सिंहस्थ की तैयारी में जुटा उज्जैन

**उज्जैन.** सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए उज्जैन में व्यापक स्तर पर विकास और निर्माण कार्यों को गति दी जा रही है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का गृह नगर होने के साथ-साथ महाकाल की नगरी आज देश-विदेश के श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बन चुकी है. महाकाल मंदिर और महाकाल लोक के विस्तार के बाद प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु उज्जैन पहुंच रहे हैं. ऐसे में शहर की यातायात व्यवस्था, सडकें, जल निकासी और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं का सुदृढ़ और व्यवस्थित होना अत्यंत आवश्यक हो गया है. सिर्फ सडकों का विस्तार ही नहीं, बल्कि नागरिक सुविधाओं को भी समान प्राथमिकता दी जा रही है.

# स्टेशन पर विशेष सुरक्षा एवं भीड़ नियंत्रण उपाय लागू

**भोपाल, 16 फरवरी. 14 से 20 फरवरी 2026 तक सीहोर स्थित कुबेरेश्वर धाम में धार्मिक मेले के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए भोपाल मंडल ने स्टेशन पर विशेष सुरक्षा एवं भीड़ नियंत्रण उपाय लागू किए हैं.**




मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी और वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त डॉ. अभिषेक के निर्देशन में स्टेशन परिसर में अतिरिक्त आरपीएफ एवं जीआरपी तैनात किए गए हैं. प्लेटफॉर्म, मुख्य प्रवेश/निकास द्वार, फुटओवर ब्रिज, टिकट काउंटर और अन्य संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है. डॉग स्क्वॉड के माध्यम से संदिग्ध वस्तुओं की जांच की जा रही है, वहीं ड्रोन कैमरों से स्टेशन परिसर पर लगातार निगरानी रखी जा रही है. सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि भोपाल-उज्जैन मार्ग पर प्रतिदिन तीन जोड़ी अनारक्षित मेला स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं. यात्रियों से अपील की गई है कि वे स्टेशन परिसर में अनावश्यक भीड़ न लगाएं, संदिग्ध वस्तु दिखाई देने पर तुरंत रेलवे सुरक्षा कर्मियों को सूचित करें और सुरक्षा जांच में सहयोग दें.

### रानी कमलापति-अधारताल इंटरसिटी एक्सप्रेस का बोहानी स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव

**भोपाल.** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आधारताल-रानी कमलापति इंटरसिटी एक्सप्रेस को बोहानी स्टेशन पर दोनों दिशाओं में अतिरिक्त 01 मिनट का ठहराव दिया गया है. आधारताल से गाड़ी संख्या 22188 दिनांक 17.02.2026 से बोहानी स्टेशन पर 18.11 बजे पहुंचेगी और रानी कमलापति से गाड़ी संख्या 22187 दिनांक 18.02.2026 से वापसी में 08.25 बजे बोहानी स्टेशन पर ठहरेगी. यह व्यवस्था अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी. सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि इन अतिरिक्त ठहरावों से स्थानीय यात्रियों को आवागमन में सुविधा होगी और रेल सेवाओं का लाभ अधिक लोगों तक पहुँच सकेगा. यात्री मेला स्पेशल ट्रेन और अन्य सेवाओं की जानकारी रेलवे स्टेशन, रेल मदद 139 और रेलवे की ऑनलाइन वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं.

**बैठक** | अभाविप मध्य भारत प्रांत की एक दिवसीय महाविद्यालय अध्यक्ष मंत्री बैठक भोपाल में संपन्न

# वंदे मातरम् ऑन कैंपस अभियान को चलाने का लिया निर्णय




**भोपाल, 16 फरवरी. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, मध्य भारत प्रांत की एक दिवसीय महाविद्यालय अध्यक्ष-मंत्री बैठक भोपाल में सफलतापूर्वक संपन्न हुई. बैठक को विशेष रूप से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के उत्तर पूर्व क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम शाही का सानिध्य प्राप्त हुआ.**

बैठक में मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री चेतस सुखाड़िया ,मध्यभारत प्रांत अध्यक्ष प्राध्यापक धर्मेंद्र राजपूत, प्रांत मंत्री केतन चतुर्वेदी एवं प्रांत संगठन मंत्री रोहित दुबे की भी गरिमामयी उपस्थिति रही. बैठक में आगामी कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक गतिविधियों पर व्यापक चर्चा की गई. विशेष रूप से वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वंदे मातरम् ऑन कैंपस अभियान को प्रभावी रूप से चलाने का निर्णय लिया गया. इसके अंतर्गत महाविद्यालय परिसरों में राष्ट्रगीत, संगोष्ठी, देशभक्ति गीत एवं विचार गोष्ठियों के माध्यम से राष्ट्रभाव जागृत करने की योजना बनाई गई.

बैठक में कैंपस में चल रही विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की गई तथा महाविद्यालयों में विद्यार्थियों की अटेंडेंस प्रतिशत बढ़ाने के लिए नवाचारों पर विचार गया. सुझाव दिए गए कि नियमित कक्षा संवाद, मेंटरशिप प्रणाली, विषय-आधारित प्रतियोगिताएं, तथा प्रेरक व्याख्यानों के माध्यम से छात्रों की शैक्षणिक सहभागिता बढ़ाई जा सकती है. अपने उद्बोधन में घनश्याम शाही जी ने कहा कि परिषद का कार्य केवल संगठन विस्तार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण की दीर्घकालीन साधना है. उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे प्रत्येक परिसर में सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण निर्मित करें, छात्र हितों के प्रश्नों को मजबूती से उठाएं तथा समाज जीवन में नेतृत्वकारी भूमिका निभाएं. उन्होंने यह भी कहा कि परिषद का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने आचरण, अनुशासन और अध्ययनशीलता से अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बने.

**पेज एक का शेष**

# जॉब सीकर नहीं जॉब क्रिएटर बनेगा एमपी

उन्होंने प्रदेश में जल-जीवन मिशन के काम में लापवाही के साथ ही इंदौर में पानी पीने से लोगों की असमय मौत को लेकर सरकार को जमकर कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की, इस दौरान विपक्षी सदस्य अपनी सीटों पर खड़े हो गए. जिसके चलते राज्यपाल 47 पेजों का अभिभाषण भी पूरा नहीं पढ़ पाए, ऐसे में शुरू के कुछ पृष्ठ और आखिर के कुछ पृष्ठ ही पढ़ सके. बाद में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने व्यवस्था दी कि राज्यपाल का अभिभाषण पूरा पढ़ा माना जाएगा. राज्यपाल के अभिभाषण पर पेश कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव पर मंगलवार से चर्चा शुरू होगी, इससे पहले राज्यपाल के अभिभाषण पर भाजपा के वरिष्ठ सदस्य अजय श्विनोई ने कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव पेश किया, जिसका समर्थन भाजपा की ही एक अन्य वरिष्ठ सदस्य अर्चना चिटनिस ने किया.

**मप्र भारतीय अर्थव्यवस्था का पॉवर हाउस सिद्ध होगा:** राज्यपाल ने अभिभाषण में कहा कि आधुनिक अधोसंरचना, निवेश और गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत के संगम से हम एक ऐसे विकसित प्रदेश की नींच रख रहे हैं, जो भारतीय अर्थव्यवस्था का पॉवरहाउस सिद्ध होगा. उन्होंने कहा कि जन भागीदारी के अटूट विश्वास के साथ हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक ऐसा मप विरासत में छोड़ेंगे जो नवाचार, आर्थिक संपन्नता और सामाजिक न्याय का वैश्विक प्रतिमान बनेगा. उन्होंने आहवान किया किया कि आइए, हम सब मिलकर अपनी संपूर्ण ऊर्जा और निष्ठा के साथ समृद्ध विकसित मप्र के संकल्प को सिद्ध करने के लिए आगे बढ़ें.

**जीएसडीपी 250 लाख करोड़ तक पहुंचाने का संकल्प:** राज्यपाल ने कहा कि आज हम इतिहास के एक ऐसे महत्वपूर्ण्ज्ञ दौर पर खड़े हैं, जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमृतकाल का संज्ञा दी है. इसी अमृतकाल में मेरी सरकार ने मप्र के दीर्घकालिक और समग्र विकास की ठोस नींव रखते हुए समृद्ध मप्र 2047-द्रष्टिपत्र तैयार किया है.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14